# मासिक पत्रिका [जुलाई 2019]

## || विचार संस्था ||

हेल्पलाइन नंबरः
6262060333
पताः पुरानी स्टेट बैंक बिल्डिंग,
वर्णी कॉलोनी, सागर, [म. प्र.]

**विशेष :-**

- कमिश्नर सम्मान
- बाल चेतना शिविर
- सीड बॉल प्रोजेक्ट
- वृक्षारोपण
- आर्ट क्राफ्ट प्रशिक्षण
- बाल गतिविधि
- माहवारी जागरूकता
- डीएफओ श्री क्षितिज कुमार जी का सम्मान



# पदाधिकारी




**कपिल मलैया**

संस्थापक व अध्यक्ष, मो.9009780020

FB PAGE:

@kapilmalaiyaOriginal



**हरगोविंद विश्व**

मार्गदर्शक



**आकांक्षा मलैया**

सचिव, मो. 9165422888

FB PAGE:

@AkankshamalaiyaOriginal



**सुनीता जैन**

कार्यकारी अध्यक्ष

मो. 9893800638



**नितिन पटैरिया**

मुख्य संगठक मो. 9009780042



**विनय मलैया**

कोषाध्यक्ष मो.9826023692

# कमिश्नर विदाई समारोह









विचार संस्था की अगुवाई में सागर शहर की विभिन्न स्वयं सेवी संस्थाओं ने निवृत्तमान कमिश्नर मनोहर लाल दुबे का विदाई समारोह मैजेस्टिक प्लाजा में आयोजित हुआ। कमिश्नर मनोहर लाल दुबे ने कहा कि यदि यह कार्यक्रम मेरे आगमन पर हुआ होता तो सभी संस्थाओं के साथ मिलकर संभाग के लिए हम और भी उपयोगी कार्यक्रम चला सकते। मेरे कार्यकाल में विधानसभा व लोकसभा चुनाव के कारण संस्थाओं के साथ मिलकर मैं और भी कार्यक्रम चलाना चाहता था, जो नहीं चला पाया परंतु सागर शहर के लोगों ने मुझे और मेरे विचारों को जो सम्मान दिया है वह मैं जीवन पर्यन्त भूल नहीं पाउंगा। समाजसेवी संस्थाओं को कभी भी किसी भी प्रकार की सुझाव व मार्गदर्शन के लिए मैं जहां भी हूं वहां से यथा संभव सहयोग करूंगा। सीड बाल प्रोजेक्ट को सराहते हुए कहा कि यह बहुत उल्लेखनीय कार्य है। साथ ही उन्होंने विचार संस्था द्वारा चलाए जा रहे मोहल्ला विकास योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस प्रकार विचार संस्था समाज के उत्थान के लिए हर वर्ग के लोगों को प्रेरित कर रही है यह अद्वितीय पहल है।

विचार संस्था के संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया ने अपने विचार रखते हुए कहा कि आज विचार संस्था द्वारा चलाए जा रहे शव वाहन की सफलता का श्रेय भी मनोहरलाल दुबे जी को ही जाता है। उनके मार्गदर्शन में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप द्वारा दिए गए शव वाहन की सहायता से प्रत्येक माह में 25 से 30 शवों को निशुल्क उनके स्थान तक पहुंचाया जाता है। कपिल मलैया ने 23 जून को होने वाले सीड बाल रोपण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि राजघाट में एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह सीड बाल रोपित किए जाएंगे। यदि उस कार्यक्रम में भी आप आएं और हमारा मार्गदर्शन करें तो यह हमारे लिए गौरव की बात होगी। श्री दुबे ने आनंद मंत्रालय के अनुभवों को जिस प्रकार शहर के समाजसेवियों के साथ बांटते हुए समाजसेवा की जो नई सोच दी है इसके लिए सागर हमेशा आपका ऋणी रहेगा। वतर्मान में विचार संस्था के 40 हजार से अधिक स्वयंसेवक विभिन्न प्रोजेक्टों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

फॉर हर फाउंडेशन के संस्थापक अनुपम तिवारी ने कहा कि श्री दुबे द्वारा छतरपुर में चलाए जा रहे मंगलग्राम कार्यक्रम की जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम है। मनोहर लाल दुबे ने जिस प्रकार युवाओं को प्रेरित कर ग्राम उत्थान में लगाया है यह हम सभी स्वयंसेवी संस्थाओं के लिए सीखने योग्य है।

# सागर सुधार, सागर विकास

# मोहल्ला विकास योजना

**1. लक्ष्य:** बुंदेलखंड का सुनियोजित विकास

**2. उद्देश्य:**

- नागरिकों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना बढ़ाना
- लोगों की सोचने की क्षमता बढ़ाना
- उन्हें अपने जीवन के निर्णय विकास की दृष्टि से लेने को प्रेरित करना
- आवश्यक विषयों पर जागरूकता लेकर लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना

**3. नए मुहल्लों में योजना की शुरुवात:**

इसमें 100 घरों के एक समूह को एक मोहल्ले का नाम दिया गया है। इन 100 घरों की जिम्मेदारी कम से कम 11 सदस्यों की टीम लेती है।टीम में एक पुरूष/महिला को समन्वयक बनाया जाता है शेष 10 लोगों को पालक बनाया जाता है जिसमें प्रत्येक पालक को 10 परिवारों की जिम्मेदारी दी जाती हैं, इस तरह से 10 पालक मिलकर मोहल्ला के क्रम से बने हुए 100 परिवारों को चिन्हित कर कार्य करते है।

- **कार्य कब व कैसे किया जाता है:-**

इस योजना में माह में होने वाले प्रत्येक रविवार को सिर्फ 30 मिनिट से 1:30 घंटे की गतिविधि कराई जाती है। गतिविधि का समय, पालक अपने हिसाब से तय करते है।

नोट:- किसी भी तरह की गतिविधि के दौरान किसी भी व्यक्ति की बुराई नहीं की जाती न ही किसी तरह का आश्वासन दिया जाता है योजना से हटकर यदि किसी की कोई समस्या है तो उस समस्या से संबंधित दस्तावेजों को एकत्र कर विचार संस्था कार्यालय भेजा जाता है कार्यालय से समस्या को संबंधित विभाग भेजा जाता है

**4. गतिविधियां:**

- सर्वप्रथम हमारे पालकों द्वारा परिवार परिचय के 10-10 फॉर्म को भरवाया जाता है इसके साथ ही स्वच्छता पर आधारित 10 सूत्रीय कैलेण्डर को सभी घरों में महत्व समझाकर लगवाया जाता है, तथा बार बार उस कैलेण्डर पर प्रकाश डलवाया जाता है
- उन 10 परिवारों के छोटे-छोटे बच्चों की खेल प्रतियोगिताएं कराई जाती हैं एवं भारत के नक़्शे व राज्यों की जानकारी दी जाती है

- युवा युवतियों को रक्तदान के महत्व व योग ध्यान से जोड़ा जाता है।
- 10 वर्ष से 50 वर्ष तक की महिलाओं को माहवारी का महत्व बताकर प्रथम बार फ्री सैनेटरी पेड सभी को वितरित किये जाते है इसके बाद आगे उपयोग करने के लिए विचार कार्यालय से 6 रू. पैकेट के हिसाब से बैचे जाते है जिसमें 3 पीस होते है मतलब 2 रू. का 1 पीस जबकि विचार संस्था को 1 पैकेट की कीमत 8.25 पैसे पड़ती है शेष 2.25 पैसे का वहन संस्था द्वारा किया जाता है। गौरतलब बात यह है कि बाजार में मिलने वाले अन्य सैनेटरी पेड जो लगभग 25 से 30 रू. के होते है जबकि दोनों पेड की क्वालिटी लगभग समान होती है।

## 5. आयोजन:

- प्रत्येक वर्ष विचार गणतंत्र महोत्सव व विचार स्वतंत्रता महोत्सव के माध्यम से अगली व पिछड़ी मोहल्ला की टीमों को एक मंच पर लाकर उनके बीच की दूरियां कम की जाती है
- दिनांक 8 मार्च 2019 को महिला दिवस के उपलक्ष्य में क्लस्टर बनाकर 7 स्थानों पर बालिकाओं व महिलाओं को वक्ताओं के माध्यम से आत्मरक्षा की टिप्स दी गई।

## 6. सुविधाएं:

- नेकी का घर:- जिसके पास जो अतिरिक्त है वो दे जाते है व जरूरतमंद उसे ले जाते है।
- निशुल्क डॉक्टरी जॉच :- रविवार को छोड़कर हफ्ते में 6 दिन सुबह 11 से 1 बजे तक निशुल्क जांच व दवा वितरण किया जाता है।
- कम्प्यूटर शिक्षा :- बालिकाओं व महिलाओं को 15 दिवस का बेसिक नॉलेज की निशुल्क शिक्षा।
- प्राकृतिक खेती एवं गौ सेवा:- खेती से जुड़े किसान भाईयों को जैविक खेती के टिप्स व गौ-पालन के तरीके सिखाए जाते है।
- शववाहन :- संस्था द्वारा संचालित शववाहन जो कि 24*7 दिन अस्पताल से 30 किलोमीटर तक उनके घर तक निशुल्क सेवाएं प्रदान करना है जो कुछ देने में सक्षम उनसे भी सिर्फ फ्यूल चार्ज ही लिया जाता है।
- पुस्तकालय व वाचनालय :- जैसा कि हम सभी जानते हैं कि विद्या दान महादान है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए विचार संस्था द्वारा विभिन्न पाठ्य पुस्तकों का संग्रहालय बनाया गया जिसमें लोग उपयोग की पुस्तकें ले जाते हैं तथा जो उन के उपयोग की नहीं है वह रख जाते हैं।

# मोहल्ला विकास योजना के अंतर्गत कार्यरत टीमें व समन्वयको की सूची इस प्रकार है



मोहल्ला :- स्वराज ट्रैक्टर के पीछे मौलाली (अमाउनी)
समन्वयक :- ठाकुर दास



मोहल्ला :- नई गल्ला मंडी के सामने
समन्वयक :- मनीषा नामदेव



मोहल्ला :- 10 बटालियन मकरोनिया
समन्वयक :- गीता सेन जी

| क्र. | मोहल्ला का नाम | समन्वयक का नाम |
|---|---|---|
| 1 | स्वराज ट्रैक्टर के पीछे मौलाली (अमाउनी) | ठाकुर दास जी |
| 2 | अप्सरा टॉकीज़ के बाजु में | लक्ष्मी गुप्ता जी |
| 3 | शास्त्री वार्ड ,सुभाष नगर | विनीता जोशी जी |
| 4 | स्टेशन के सामने भगवानगंज | बबली वर्मा जी |
| 5 | विट्ठल नगर | देवेंद्र वर्मा जी |
| 6 | राजीव नगर लेहदरा नाका | तुलसी राम दाऊ जी |
| 7 | काकागंज | अनुराग विश्वकर्मा जी |
| 8 | राजीव आवास योजना ( बाघराज ) | नितिन जैन जी |
| 9 | भरका (मछरियाई) पंत नगर वार्ड | बूठे राय जी |
| 10 | संजय नगर शिवजी वार्ड -2 | अलोक जैन जी |
| 11 | बड़ा करीला | सरिता गुरु जी |
| 12 | कृष्णागंज | हेमलता साहू जी |
| 13 | गोपालगंज | विनीता जैन जी |
| 14 | कसाई मंडी राहतगढ़ बस स्टैंड | अजय विश्वकर्मा जी |
| 15 | बसिया भानसा | राहुल प्रजापति जी |
| 16 | सदर | संतोष मिथोरिया जी |
| 17 | महिंद्रा मिल के पीछे | नीलू सागर जी |
| 18 | पगारा रोड भाग्योदय नगर | शशि रैकवार जी |
| 19 | ग्राम पगारा | सोनू यादव जी |
| 20 | पुरव्याऊ टोरी | अनुराग विश्वकर्मा जी |
| 21 | सिंधी कैंप | सन्तु पोटवानी जी |
| 22 | ग्राम सिलेरा | अरविन्द्र यादव जी |
| 23 | गुरु गोविन्द्र सिंह वार्ड | देवेंद्र वर्मा जी |
| 24 | यादव कॉलोनी-3 | राधा शर्मा जी |
| 25 | बाघराज - 2 | विष्णु नामदेव जी |
| 26 | तिली ( रुद्र राक्ष गार्डन के पास ) | स्नेहा मिश्रा जी |
| 27 | आंबेडकर वार्ड | महेंद्र विश्वकर्मा जी |

| क्र. | मोहल्ला का नाम | समन्वयक का नाम |
|---|---|---|
| 28 | भगवानगंज | प्रभा साहू जी |
| 29 | मधुकर शाह वार्ड | माया पटैल जी |
| 30 | मछरयाई | राजकुमार राय जी |
| 31 | हनुमान पायेगा | कान्ति दीदी जी |
| 32 | भरका रोड सूबेदार वार्ड | राजकुमारी पवार जी |
| 33 | दयानन्द वार्ड | नीरज जैन जी |
| 34 | कटरा | संजय सवाई जी |
| 35 | यादव कॉलोनी | उर्मिला मिश्रा जी |
| 36 | यादव कॉलोनी-2 | पुष्पा तिवारी जी |
| 37 | मधुकर शाह वार्ड-2 | आशालता श्रीवास्तव जी |
| 38 | साहू टिग्गड़ा वल्लभ नगर | अजय विश्वकर्मा जी |
| 39 | खुशीपुरा सुभाष नगर | अमित शर्मा जी |
| 40 | सनराइज टाउन के पास तिली | संदीप भदौरिया जी |
| 41 | संत रविदास वार्ड 2 | जुगल किशोर जी |
| 42 | भाग्योदय नगर 2 | कमल विश्वकर्मा जी |
| 43 | रामपुरा वार्ड | ऋतु बावरे जी |
| 44 | भाग्योदय के सामने रविदास वार्ड | पूजा अहिरवार जी |
| 45 | आई टी आई के सामने रविदास वार्ड | शीला रैकवार जी |
| 46 | बाघराज बीड़ी कॉलोनी तिली | शशि रोहित जी |
| 47 | ग्राम पटकुई बरारु | योगेश गुरु जी |
| 48 | संत रविदास वार्ड | रंजीता गोस्वामी जी |
| 49 | हरिसिंह गौर वार्ड तहसीली | सीता साहू जी |
| 50 | शास्त्री वार्ड (धर्म की टाल के पास ) | कस्तूरी बाई विश्वकर्मा जी |
| 51 | सिंधी कैंप 2 | आशा बड़वानी जी |
| 52 | हरिसिंह गौर वार्ड तहसीली -2 | गीता मिश्रा जी |
| 53 | संत रविदास वार्ड छोटी मजार के पास | राजा अहिरवार जी |
| 54 | रानीदुर्गावती वार्ड न.01 सेमराबाग | नेहा जी |
| 55 | रजाखेड़ी रेलवे गेट न 29 | अभिलाषा पांडेय जी |
| 56 | तिली फर्श | यशवंत सिंह चौधरी जी |
| 57 | भूतेश्वर के पास भगत सिंह वार्ड (मोतीनगर) | अंशुल साहू जी |
| 58 | छत्रसाल अखाडा इतवारी टोरी | नीलेश जैन जी |
| 59 | मनोरमा कॉलोनी | भगवती भारती जी |
| 60 | वर्णी वाचनालय कटरा | सुशील जैन (छोटे) जी |
| 61 | पुरव्याऊ टोरी सूबेदार वार्ड | मनोज विश्वकर्मा जी |
| 62 | केशवगंज | दीपा रैकवार जी |
| 63 | उदासी मोहल्ला संत रविदास वार्ड | सुरभि अहिरवार जी |
| 64 | ग्राम पोस्ट बरोदा सागर | शुभम नामदेव जी |
| 65 | नई गल्ला मंडी के सामने | मनीषा नामदेव जी |
| 66 | ग्राम पोस्ट बरोदा सागर | शुभम नामदेव जी |
| 67 | 10 बटालियन मकरोनिया | गीता सेन जी |

# समर कैंप

## आर्ट क्राफ्ट प्रशिक्षण











विचार संस्था द्वारा संचालित मोहल्ला विकास योजना के तहत दस दिवसीय पेपर आर्ट व किवलिग का प्रशिक्षण मलैया गार्डन तिली में आरंभ हुआ जिसमे बच्चे एवं महिलाओ ने भाग लिया,प्रशिक्षण के दौरान प्रशाक्षिको को पेपर से पेपर बैग, ईयररिंग, घर के सजावट का सामान जैसे फोटो फ्रेम, कागज के खिलोने, पेंटिंग आदि प्रशिक्षणदाता के द्वारा सिखाया गया । यह प्रशिक्षण लेने के लिए बच्चों व महिलाओं ने भी खूब रूचि दिखाई, यह प्रशिक्षण विचार संस्था कोषाध्यक्ष श्री विनय मलैया जी की उपस्थिति में विचार संस्था टीम प्रीति लोधी, चांदनी लोधी, अरविंद अहिरवार, बद्री सेन जी के द्वारा दिया गया।

# आर्ट क्राफ्ट प्रशिक्षण का समापन व प्रदर्शन











dainikbhaskar.com दैनिक भास्कर सागर, शुक्रवार, 07 जून, 2019

## 70 बच्चों ने 10 दिन के समर कैंप में सीखा पेपर बैग, ईयर रिंग और साज-सजावट का सामान बनाना, समापन पर सबको दिखाई अपनी कारीगरी

भास्कर संवाददाता | सागर

विचार संस्था द्वारा संचालित मुहल्ला विकास योजना के तहत तिली में चल रहे दस दिवसीय आर्ट एंड क्राफ्ट समर कैंप का गुरूवार को समापन हो गया। करीब 70 बच्चों ने समर कैंप के दौरान पेपर बैग, ईयर रिंग, जादुई फूल व घर में साज-सज्जा में उपयोग होने वाला सामान बनाने का हुनर सीखा। समापन पर उन्होंने इन्हें बनाकर दिखाते हुए अपनी कारीगरी भी दिखाई। इसके साथ ही तिली मुहल्ले के सभी बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक कर सिटी फॉरेस्ट का भ्रमण कराया गया। बच्चों ने इस दौरान यहां साफ-सफाई करते हुए लगभग 30 किलो के आसपास पॉलीथिन का कचरा एकत्र कर उसे हटाया। संस्था के संस्थापक कपिल मलैया ने बताया कि समर कैंप के दौरान बच्चों ने 23 जून को राजघाट के घटते जल स्तर को बढ़ाने के लिए सीट बाल कार्यक्रम के तहत लगभग 2500 के आसपास सीट बाल की गेंद भी बनाईं। संस्था के कोषाध्यक्ष व समर कैंप के मुख्य संचालक विनय मलैया ने कहा कि संस्था द्वारा आगे भी ऐसे निशुल्क शिविर किए जाएंगे। जिससे बच्चों को सीखने का अवसर मिल सके व वे अपनी प्रतिभा को निखार सकें। सचिव आकांक्षा मलैया ने कहा कि संस्था सदैव तत्परता से नए-नए कार्यक्रमों का संचालन करती रहेगी। इस मौके पर मेधावी विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। जिनमें मीनर अहिरवार, रिंकी अहिरवार, हिमानी पटेल, डॉली चौरसिया के अलावा दिव्यांग मेघा अहिरवार को विशेष सक्रियता के लिए सम्मानित किया गया।

**विचार संस्था द्वारा संचालित मुहल्ला विकास योजना के तहत मलैया मेरिज गार्डन तिली में दस दिवसीय आर्ट एंड क्राफ्ट समर कैंप का समापन हो गया। जिसमें निःशुल्क मुहल्ला विकास से जुड़े लगभग 70 बच्चों ने समर कैंप के माध्यम से पेपर बैग, ईयर रिंग, जादुई फूल व घर में सुशोभित साज सज्जा का सामान बनाने का हुनर सीखा इसके साथ ही तिली मुहल्ले के सभी बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक कर एक दिवसीय सागर स्थित सिटी फोरेस्ट का भ्रमण कराया तथा सभी बच्चों ने इस दौरान वहां पड़ी लगभग 30 किलो के आसपास पॉलीथिन का कचरा व प्रकृति के लिए हानिकारक कचरे को हटाया गया। इस दस दिवसीय आर्ट एंड क्राफ्ट के समर कैंप के दौरान बच्चों ने 23 जून को राजघाट के घटते जल स्तर को बढ़ाने के लिए सीट बाल कार्यक्रम के तहत लगभग 2500 के आसपास सीट बाल की गेंदें बनाई गईं। इस अवसर पर विचार संस्था के कोषाध्यक्ष व समर कैंप के मुख्य संचालक विनय मलैया ने कहा कि संस्था द्वारा आगे भी ऐसे निःशुल्क शिविरों का आयोजन करते रहेंगे जिससे बच्चों को सीखने का अवसर मिल सके व वे अपनी प्रतिभा को निखार सकें। विचार संस्था की सचिव आकांक्षा मलैया ने कहा कि आप लोगों को प्रोत्साहित करके संस्था को बहुत प्रसन्नता हुई। संस्था सदैव तत्परता से नए-नए कार्यक्रमों का संचालन करती रहेगी। इस अवसर पर मेधा छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया जिसमें मुख्य रूप से मीनर अहिरवार (दसवीं में प्रथम) प्रथम पुरस्कार, रिंकी अहिरवार (दसवीं में प्रथम) द्वितीय पुरस्कार, हिमानी पटेल (दसवीं में प्रथम) तृतीय पुरस्कार, डाली चौरसिया (दसवीं में प्रथम) चतुर्थ पुरस्कार व शारीरिक रूप से अलग होते हुए भी मेघा अहिरवार ने दस दिवसीय समर कैंप में बढ़ चढ़कर सहयोग दिया। इनको संस्था ने विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया।**

# मोहल्ला विकास योजना गतिविधि :-

## माहवारी जागरूकता



मोहल्ला :- स्वराज ट्रैक्टर के पीछे मौलाली (अमाउनी)
समन्वयक:- श्री ठाकुर दास



मोहल्ला :- तिली फर्श
समन्वयक:- श्री यशवंत सिंह चौधरी



मोहल्ला :- संत रविदास वार्ड छोटी मजार के पास
समन्वयक:- श्री राजा अहिरवार





मोहल्ला :- छत्रसाल अखाड़ा
समन्वयक:- श्री नीलश जैन

## बाल गतिविधि भारत का नक्शा :-



मोहल्ला :- संत रविदास वार्ड छोटी मजार के पास
समन्वयक:- श्री राजा अहिरवार



मोहल्ला :- संत रविदास वार्ड
समन्वयक:- कु. सुरभि अहिरवार

# मोहल्ला विकास योजना गतिविधि :-

# बाल चेतना शिविर



मोहल्ला:- मनोरमा कॉलोनी
प्रशिक्षणदाता :- चांदनी लोधी जी



मोहल्ला:- तिली फर्श
प्रशिक्षणदाता :- प्रीती लोधी जी



मोहल्ला:- आईटीआई के सामने शीला रैकवार
प्रशिक्षणदाता :- चांदनी लोधी जी



मोहल्ला:- उदासी मुहाल संत रविदास वार्ड
प्रशिक्षणदाता :- सुरभि अहिरवार जी



मोहल्ला :- कृष्णगंज
प्रशिक्षणदाता :- चांदनी लोधी & पूजा प्रजापति जी



मोहल्ला:- भाग्योदय के सामने संत रविदास वार्ड
प्रशिक्षणदाता :- कपिल मलैया जी



मोहल्ला:- भगवानगंज
प्रशिक्षणदाता :- पूजा प्रजापति जी

# बाल चेतना शिविर



मोहल्ला:- बड़ा करीला
प्रशिक्षणदाता :-सरिता गुरु जी



मोहल्ला:- ग्राम पगारा
प्रशिक्षणदाता :- सोनू यादव जी



मोहल्ला:- रामपुरा
प्रशिक्षणदाता :- संजय दुबे जी



मोहल्ला:- भूतेश्वर के पास भगत सिंह वार्ड
प्रशिक्षणदाता :- अरविन्द अहिरवार जी



मोहल्ला:- हरिसिंह गौर वार्ड तहसीली
प्रशिक्षणदाता :- वंदना जी



मोहल्ला:- गोपालगंज
प्रशिक्षणदाता :- विनीता जैन जी



मोहल्ला:- वल्लभ नगर
प्रशिक्षणदाता :- जवाहर दाऊ जी



मोहल्ला:- राजीव आवास योजना
प्रशिक्षणदाता :- आलोक जैन जी

# मोहल्ला विकास योजना सीड बाल प्रोजेक्ट :-

# राजघाट स्थित कैचमेंट एरिया का निरीक्षण





**विचार संस्था के पदाधिकारी दक्षिण वन मंडल के अधिकारी सहित सागर शहर की विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने मिलकर राजघाट स्थित कैचमेंट एरिया का किया निरीक्षण।**

**विचार संस्था के संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया ने बताया कि एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह सीड बाल का रोपण राजघाट परिधि में 23 जून 2019 को सागर शहर के दस हजार से अधिक स्वयंसेवकों के माध्यम से किया जाना है। सागर के पर्यावरण सुधार के लिए विचार संस्था सभी के सहयोग से राजघाट बांध के 65 हेक्टेयर कैचमेंट एरिया में जिसमें एक हेक्टेयर में 2500 सीड बाल लगाई जा सकती है। इस तरह से कुल 44 हेक्टेयर में एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह सीड बाल का रोपण करने जा रही है। राजघाट हमारे जल का मुख्य स्त्रोत है, इसका संरक्षण हमारे लिए जरूरी है। इसके आसपास बंजर भूमि है जिसके कारण मिट्टी का क्षरण होता है एवं राजघाट का भराव क्षेत्र उथला होता जा रहा है। सीड बाल रोपण से इस बंजर भूमि पर जंगल बन जाएगा जो भूमि क्षरण रोकेगा साथ ही इतनी ज्यादा मात्रा में पेड़, जलवृष्टि (बारिश) भी बढ़ाएंगे। यह सीड बाल (बीज के लड्डू) दक्षिण वन मंडल के सहयोग से उनके द्वारा तार से संरक्षित भूमि पर रोपित किए जाएंगे। अत यह पेड़ सुरक्षित रहेंगे। सीड बाल विचार संस्था के वालंटियर द्वारा बना लिए गए हैं। आपको केवल स्थल पर आकर उनको रोपित करना है। यह सहभागिता संपूर्ण सागर के परिवार, बच्चों को प्रकृति से जोड़ेगी व पेड़ों का महत्व बताएगी। इस सहभागिता से वृक्ष लगाने जैसा अत्यंत पुण्य का कार्य सागर संभाग के इतिहास में प्रथम बार एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह सीड बाल का रोपण कर बीज लगाओ, पेड़ लगाओ, जंगल बनाओ, जीवन बचाओ के माध्यम से विचार संस्था और दक्षिण वन मंडल के अधिकारी और सागर संभाग की समस्त सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से किया जाना है। 65 हेक्टेयर**

**इसी की प्रारंभिक तैयारियों के संबंध में राजघाट स्थित दक्षिण वन मंडल अधिकृत कैचमेंट एरिया का निरीक्षण किया। इस अवसर पर सीड बाल प्रोजेक्ट के मार्गदर्शक श्रेयांश जैन ने विचार संस्था के मोहल्ला विकास योजना के सहायक, समन्वयक और पालकों और संस्था के वालंटियर सहित विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं दक्षिण वन मंडल के अधिकारियों एवं स्टाफ के साथ तकनीकी, व्यवस्था संबंधी आवश्यक विचार विमर्श किया एवं कार्ययोजना की प्लानिंग की।**

# विचार संस्था और दसवीं बटालियन के संयुक्त तत्वावधान में 200 पौधे रोपित किए










विचार संस्था और दसवीं बटालियन के संयुक्त तत्वावधान में 200 पौधे रोपित किए विचार संस्था और दसवीं बटालियन के जवानों के सहयोग से शहीद स्मारक परिसर में 200 पौधे रोपित किए गए।

विचार संस्था द्वारा संचालित सीड बाल प्रोजेक्ट के मार्गदर्शक श्रेयांश जैन ने विचार संस्था के बारे में सभी को जानकारी देते हुए बताया कि मोहल्लों में जाकर जागरूकता उत्पन्न करते हैं जिससे स्वच्छता, पर्यावरण, वृक्षारोपण के बारे में लोग समझ सकें। इसी तारतम्य में संस्था द्वारा संचालित सीड बाल प्रोजेक्ट के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यह नवीन कार्य संभाग में प्रथम बार किया जा रहा है। यह सीड बाल जो कि ऐसे स्थान पर लगाई जा रही है जहां से संपूर्ण सागर शहर को पीने का पानी प्राप्त होता है। वहां पर एक लाख से अधिक सीड बाल का रोपण किया जा रहा है। जिसमें आप सभी लोग शामिल होकर सीड बाल का रोपण करें।

10वीं बटालियन की डिप्टी कमांडेंट श्रीमति आरती सिंग ने बताया कि आज विश्व में आधुनिकीकरण की वजह से पेड़ों का काटना चल रहा है जिस वजह से समय पर बरसात नहीं होती, पृथ्वी का तापमान भी हमेशा बढ़ता जा रहा है। आप सभी से मेरा निवेदन है कि अपने परिवार के सदस्यों के जन्म दिवस पर, पूर्वजों की याद में एक वृक्ष अवश्य लगाएं।
विचार संस्था की कार्यकारी अध्यक्ष सुनीता अरिहंत ने कहा कि जल संरक्षण के लिए चार पांच बरसात उपरांत अपनी छत पर बड़े मुंह वाले बर्तन रखकर पानी को एकत्रित करें। यह पानी अमृत होता है।संस्था के मुख्य संगठक नितिन पटैरिया ने कहा कि पीपल के वृक्षों में हमेशा आक्शीजन प्राप्त होती है अत सभी को अपने जीवन में दो दो वृक्ष लगाने चाहिए। पर्यावरण से संबंधित पांचों घटकों अग्नि, वायु, जल, आकाश, पृथ्वी पर भी अपने अपने विचार रखे।
10वीं बटालियन के आशीष भराड़े असि. कमांडेंट, एसआई परस्ते, इंस्पेक्टर रवीन्द्र साहू, पुष्पेन्द्र सिंह, तरसियुसखल्को, घनश्याम पटेल सूबेदार मेजर ने भी अपने विचार रखे।
इस अवसर पर मनोज राय, राजेश सिंघई, आकाश जैन, ज्योति सराफ, अनीता जैन, पीयूष जैन, दीपा सिंघई, प्रीति जैन, श्वेता जैन, कुशल जैन, सुनील चौधरी, मनोज जैन एचएस मेडिको, वीरेन्द्र प्रधान, डा. एसके रूसिया, डा. जिनेन्द्र जैन, एसके जैन, अखिलेश समैया आदि उपस्थित थे।







# मोहल्ला विकास योजना सीड बाल प्रोजेक्ट :-

# दसवीं बटालियन के जवानों ने बनाई सीड बॉल





**दैनिक भास्कर** सागर, सोमवार, 10 जून, 2019

## अभियान... दसवीं बटालियन के जवानों ने बनाई सीड बाल



**सागर** | विचार संस्था द्वारा मोहल्ला विकास योजना के अंतर्गत स्वच्छता अभियान के चलते दसवीं बटालियन में स्थापित शहीद स्मारक परिसर में साफ-सफाई की। संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया ने संस्था के बारे में जानकारी दी। संस्था द्वारा संचालित सीड बाल प्रोजेक्ट के संबंध में 10वीं बटालियन के जवानों के सहयोगियों से 2200 सीड बाल का निर्माण किया गया। कमांडेंट एडीशनल एसपी आरती सिंह ने कहा हम और हमारे सभी सहयोगी मिलकर 10 हजार सीड बाल बनाकर देंगे। सेंट्रल बैंक के प्रबंधक राजेश सिंघई ने कहा कि आगामी रविवार को हम यहां 100 पौधे लगाएंगे। इंसपेक्टर रवींद्र साहू और पुष्पेंद्र सिंह सहित पर्यावरण संरक्षण समिति मकरोनिया के संयोजक दिलीप सिंघई, संस्था की कार्यकारी अध्यक्ष सुनीता जैन अरिहंत आदि ने अपने विचार रखे। इस मौके पर घनश्याम पटेल, सोहन लाल कोरी, खुमान सिंह, रघुवीर प्रसाद, ब्रह्मानंद त्रिपाठी, शिवमोहन पांडे, दीपा सिंघई, रिया मलैया, केसी जैन, डा. सौरभ जैन, शभ्रा सिंघई आदि मौजूद थे।





**विचार संस्था द्वारा मोहल्ला विकास योजना के अंतर्गत स्वच्छता अभियान को मद्देनजर रखते हुए संस्था ने दसवीं बटालियन में स्थापित शहीद स्मारक परिसर में संस्था के सभी सदस्यों के साथ साथ कमांडेंट के सभी अधिकारियों एवं सहयोगियों ने मिलकर वहां पर सफाई की। विचार संस्था के संस्थापक अध्यक्ष कपिल मलैया ने संस्था के बारे में सभी को जानकारी देते हुए बताया कि मोहल्लों में जाकर जागरूकता उत्पन्न करते हैं जिससे स्वच्छता, पर्यावरण के बारे में लोग समझ सकें। इसी तारतम्य में संस्था द्वारा संचालित सीड बाल प्रोजेक्ट के संबंध में जानकारी दी एवं वहां पर सभी सहयोगियों के माध्यम से 2200 सीड बाल का निर्माण किया गया। कमांडेट एडीशनल एसपी श्रीमति आरती सिंग ने कहा कि यह योजना पर्यावरण के लिए बहुत लाभदायी है। हम और हमारे सभी सहयोगी मिलकर 10 हजार सीड बाल बनाकर आपको प्रदान करेंगे। सेंट्रल बैंक के प्रबंधक राजेश सिंघई ने कहा कि आगामी रविवार को हम यहां पर 100 वृक्ष लगाएंगे और हमेशा इस परिसर को साफ सफाई द्वारा सुरक्षित रखेंगे। इंस्पेक्टर रविन्द्र साहू और पुष्पेंद्र सिंह ने भी अपने विचार रखे। पर्यावरण संरक्षण समिति मकरोनिया के संयोजक दिलीप सिंघई ने कहा कि मकरोनिया क्षेत्र वैसे तो बहुत ही हरा भरा है लेकिन फिर भी हरियाली की कमी है। हम सभी वृक्ष लगाकर इसको हरा भरा बनाएंगे। इस अवसर पर संस्था की कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमति सुनीता जैन अरिहंत ने सभी का आभार व्यक्त किया और 23 जून को होने वाले कार्यक्रम में सभी को आमंत्रित किया। इस अवसर पर उपनिरीक्षक घनश्याम पटेल, सोहन लाल कोरी, खुमान सिंह, एसआई रघुवीर प्रसाद, एएसआई ब्रह्मानंद त्रिपाठी, शिवमोहन पांडे, रामबिहारी माझी, कुंवर सिंह, आकाश जैन, मनोज राय, सुरेश पंजवानी, श्रीमति दीपा सिंघई, रिया मलैया, केसी जैन, डा. सौरभ जैन, शुभ्रा सिंघई, अरूण चंदेरिया, कुशल जैन, सुनील जैन, राहुल अहिरवार, पूजा प्रजापति, चांदनी लोधी, शिखा चौरसिया, अरविंद अहिरवार, राम बाल्मीक, जवाहर अहिरवार एवं विचार संस्था के सदस्य उपस्थित थे।**

# विचार संस्था ने रिमझिरिया सिटी फारेस्ट में सीड बाल बनाने में सहयोग किया








रिमझिरिया सिटी फारेस्ट में विचार संस्था ने बनाई सीड बाल वन परिक्षेत्र बीट कनेरादेव दक्षिण वन मंडल ने वृक्षारोपण हेतु जनसहयोग से सीड बाल बनवाई। वन परिक्षेत्र के आमंत्रण पर विचार संस्था के सदस्यों ने रिमझिरिया सिटी फारेस्ट में सीड बाल बनाने में सहयोग किया। इस अवसर पर विचार संस्था संस्थापक कपिल मलैया ने कहा कि विचार संस्था द्वारा भी एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह वृक्षारोपण हेतु सीड बाल बनाई जा रही हैं। यह सीड बालें सागर शहर के सागर विकास सागर सुधार के अंतर्गत संचालित मोहल्ला विकास योजना के तहत बनाई जा रही हैं। ताकि लोगों में पर्यावरण की एक शाखा वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता उत्पन्न हो सके। तथा घटते राजघाट के जलस्तर को बढ़ाने के लिए यह परियोजना रामबाण सिद्ध होगी। यह सीड बाल 23 जून को राजघाट टोल नाका के आगे लगाई जाएंगी। इस अवसर पर विचार के पैंतीस स्वयंसेवकों ने 2500 सीड बाल बनाईं। वनमंडलाधिकारी ने आव्हान किया है कि सिटी फारेस्ट में सामाजिक संस्था सीड बाल अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें ताकि पर्यावरण व प्रकृति के संरक्षण में अपना सहयोग प्रदान करें।

# सीड बाल प्रोजेक्ट :-

# विचार संस्था द्वारा राजघाट बांध पर एक लाख ग्यारह हजार से अधिक सीड बाल लगाने का महाअभियान संपन्न













विचार संस्था द्वारा राजघाट कैचमेंट एरिया में सीड बाल रोपण के महाअभियान के तहत एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह सीड बाल का रोपित किए गए। इस अवसर पर विचार संस्था के संस्थापक कपिल मलैया ने कहा कि एक मनुष्य एक दिन में लगभग 550 लीटर आक्सीजन ग्रहण करता है और एक लीटर आक्सीजन का मार्केट मूल्य लगभग 16 से 20 रुपए आता है तो देखा जाए प्रकृति व पेड़ पौधों से हम 21 से 22 हजार रूपए की आक्सीजन में दिनभर में नि:शुल्क ग्रहण करते हैं तो हमारा नैतिक दायित्व बनता है कि हम प्रकृति में पेड़ पौधे लगाकर नि:शुल्क मिलने वाली आक्सीजन का ऋण चुकाएं। इसी सोच के तहत हमने यह सीड बाल रोपित करने का महाअभियान आयोजित किया है। जिसमें प्रत्येक व्यक्ति 100-200 सीड बाल रोपित करके अपने परिवार को मिलने वाली प्राण वायु के उत्पादन में अपना सहयोग प्रदान कर सकते हैं। इस अवसर पर जिला सत्र के न्यायाधीश डीजे ने बताया कि सागर संभाग में मेरी नजर में यह देश का जनभागीदारी से होने वाला अनूठा प्रयोग है। हम लोग प्रोटोकाल में होते हुए भी पब्लिक प्रोग्राम में शामिल हुए। डा. जीवनलाल जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय महिला परिषद ने विचार संस्था के स्वयंसेवकों की सक्रियता को देखते हुए अपने भाव प्रकट करते हुए कहा कि विचार का गणवेश मुझे भी देने की कृपा करें। मैं भी समाजसेवा के कार्यक्रम में अभी से विचार सस्था के साथ अपनी सेवाएं देना चाहता हूं। विचार संस्था के मार्गदर्शक हरगोविंद विश्व ने बताया कि विभिन्न प्रकल्पों में विचार संस्था सागर सुधार - सागर विकास अभियान के अंतर्गत जो सेवाएं दे रही है, इससे हम विचार संस्था के मार्गदर्शक होने का गर्व महसूस करते हैं। भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय पदाधिकारी इंजी. भीष्म जैन ने विचार संस्था के साथ भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रं. 10 एवं जैन मिलन की विभिन्न शाखाएं समाजसेवा के विभिन्न प्रकल्पों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेगी एवं विचार संस्था के संस्थापक कपिल मलैया के मोहल्ला विकास समिति के संकल्प को तय समय सीमा में पूरा कराने में अपनी सहभागिता निश्चित करेगी। व्यवस्था संबंधी निर्देश सीड बाल प्रोजेक्ट के मार्गदर्शक श्रेयांश जैन और विचार संस्था के कोषाध्यक्ष एवं प्रोजेक्ट के मार्गदर्शक विनय मलैया ने दिए। मंच संचालन अखिलेश समैया ने किया, आभार सुनीता अरिहंत, नितिन पटैरिया ने माना।

जिला सत्र न्यायालय एवं विधिक संघ डीजे, संगीता सिंह डिजीजनल कमांडेंट होमगार्ड, संतोष शर्मा, डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट, एसके सिन्हा रीजनल मैनेजर सेंट्रल बैंक आफ इंडिया, प्रीति मलैया, डा. जीवनलाल जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय महिला परिषद, डा. एन.पी. शर्मा सीनियर चिकित्सक, डा. मनीष जैन, डा. पिंकेश गहलोत सहित अन्य डाक्टर एवं तकनीकी स्टाफ बुंदेलखंड मेडिकल कालेज, सुषमा जैन गौरा बाई महिला मंडल, सीमा त्रिवेदी एसडीओ डीएफओ, अखिलेश तिवारी मुख्य वन संरक्षक, विचार संस्था के सक्रिय स्वयंसेवक मनोज राय, अनुराग जैन, प्रियंक मलैया, आकाश जैन, सुरेश पंजवानी सहित 25 सहायक और 64 समन्वयक, 640 पालक की पूरी टीम, एनसीसी के 75 छात्र-छात्राएं, एनएसएस के 52 छात्र, 10वीं बटालियन के 150 जवान, जिला खाद बीज कृषि औषधि विक्रेता कल्याण समिति के अध्यक्ष राजेश मलैया, प्रदीप जैन संरक्षक, अनुराग जैन नगर अध्यक्ष सहित 15 सदस्य, एक्सीलेंस स्कूल के प्राचार्य आरके वैद्य 18 शिक्षकों के साथ, सरस्वती शिशु मंदिर ट्रस्ट से ज्ञानचंद जैन सहित कमेटी के 12 से अधिक मेंबर, सागर फुटकर व्यापारी मेडिकल एसोसिएशन से अरूण जैन, दीपक जैन सहित 20 से अधिक सदस्य, मप्र मानव अधिकार आयोग से डा. मुकेश चौरसिया, डा. राकेश गौतम, डा. रेखा राय सहित 7 सदस्यीय, अनिल नैनधरा भाजपा, इंदू चौधरी भाजपा आदि उपस्थित थे। इसके अलावा परिवहन में विशेष सहयोग राहुल जैन डीपीएस स्कूल, संतोष जैन घड़ी का रहा, गड्ढे में सहयोग इंजी. प्रकाश चौबे ने किया। विभिन्न संस्था भी उपस्थित थीं - अखिल भारतीय महिला परिषद की श्रीमति सरोज मलैया, अनुपम तिवारी संस्थापक फॉर हर फाउंडेशन, गोपीरंजन साक्षी सागर इकाई राष्ट्रीय हिंदी सेवा महासंघ, नेहा जैन पूर्व अध्यक्ष गर्ल्स डिग्री कालेज, डा. अरूण सिंघई संभागीय अध्यक्ष अनाज तिलहन व्यापारी महासंघ, प्रतिभा अरजरिया संचालिका संजीवनी बाल आश्रम, रोटरी क्लब सागर के अध्यक्ष अशोक जैन शिप्स, आशीष अग्रवाल सहित 25 से अधिक मेंबर सपरिवार, लाइन क्लब डा. दीपक जैन सहित 15 से अधिक सदस्य, सूरज सोनी अध्यक्ष धर्म रक्षा संगठन, मुकेश साहू पूर्व अध्यक्ष रोटरी क्लब, भीष्म जैन राष्ट्रीय पदाधिकारी भारतीय जैन मिलन, अजय दुबे अध्यक्ष विश्व हिंदु परिषद, भीष्म राजपूत अध्यक्ष पूज्य पंचायत सिंधी समाज, वीनू राणा क्षत्रिय महासभा, शकुंतला जैन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारत वर्षीय महिला परिषद, डा. विनोद तिवारी श्रीराम सेवा समिति, श्री वीरेन्द्र जैन मालथौन अध्यक्ष दयोदय गौशाला, राजेश सिंघई संरक्षक सागर जैन संस्था, एड. जेम्स जी सदस्य राष्ट्रीय क्रिश्चियन कम्युनिटी, निकेश गुप्ता अध्यक्ष वैश्य महासम्मेलन, अमित जैन अध्यक्ष रोटरी क्लब, कौशल सोनी जिला सचिव भारतीय शैली कुश्ती महासंघ, उमाकांत मिश्रा अध्यक्ष श्यामलम फाउंडेशन, श्रीमंत सेठ सुरेश जैन जनता स्कूल, अखिलेश समैया अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन, संजय जैन शास्त्री, चंपक भाई, प्रदीप समैया, रशीद भाईजान सहित 12 से अधिक सदस्य एकता समिति, आदेश जैन सागर जैन संस्था, अखिल भारत वर्षीय गोलापूरब महिला इकाई क्रमांक 1,2,3, अखिल भारतीय महिला परिषद विद्यासागर मकरोनिया शाखा से ज्योति सराफ एवं उनके 30 टीम मेंबर, पारस नाथ शाखा बड़ा बाजार से खुशबू जैन के 12 मेंबर, चंद्रप्रभु शाखा कटरा शाखा से मजरी जैन अपनी 8 सदस्यीय टीम के साथ, जैन मिलन तिली क्षेत्र सागर से अध्यक्ष विनय मलैया, इंजी. महेश जैन, सनद जैन, विमल कुमार जैन सहित 30 से अधिक सदस्य, जैन मिलन गोपालगंज शाखा से अध्यक्ष मंजू सतभैया के साथ 15 सदस्यीय टीम, महावीर शाखा से वर्षा जैन अध्यक्ष अपने 18 सदस्यों के साथ, ज्ञान ज्योति शाखा से अंजली राय अपनी 12 सदस्यों की टीम के साथ, उत्कृष्ट विद्यालय से राजेंद्र अगिनहोत्री अपनी 20 सदस्यीय टीम के साथ, कावेरी ममता समाज सेवा समिति से मीना गौतम के साथ 12 सदस्य, भारतीय शिक्षण मंडल महिला प्रकल्प की जिला प्रभारी डा. सरोज गुप्ता, संध्या दरे, शोभा सराफ, पूनम साहू, प्रमिला मौर्य सहित 20 से अधिक शिवराम जनकल्याण सेवा समिति से डा. वंदना गुप्ता, दिंगबर जैन सोशल ग्रुप संस्कार से अमरेश सराफ सहित 15 सदस्य उपस्थित थे।













# निशुल्क जांच व दवा वितरण

**डॉ शैफाली मलैया सप्ताह में 6 दिन (सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार) 11 से 1 बजे के बीच विचार कार्यालय में मरीजों की निशुल्क जांच करती हैं।**





## बीमारियों से बचने के कुछ उपाय:-

- सुबह की हल्की धूप में आधे घंटे बैठने से और दूध/ पनीर/ छाछ आदि लेने से हड्डियां मजबूत होती हैं और स्नायु का दर्द नहीं होता।
- हरी पत्तेदार सब्जियां खाने से खून की कमी नहीं होती।
- रोज एक मौसमी फल खाने से शरीर में खनिज पदार्थों की पूर्ति होती है।
- पानी उबालकर पीने से और फिटकरी फेरने से कॉलरा, टाइफाइड, उल्टी, दस्त आदि बीमारियों से बचा जा सकता है।
- रोज कम से कम 8 से 10 गिलास पानी पीने से किडनी की बीमारियां जैसे पथरी एवं यू.टी.आई. आदि नहीं होती।
- गर्मियों में पनीली सब्जियां खानी चाहिए।
- बासी रोटी खाने से शुगर एवं कोलेस्ट्रॉल नियंत्रित रहता है।
- मसालेदार और तली हुई चीजों से पेट में जलन होती है और गैस बनती

# विचार संस्था द्वारा संचालन निशुल्क शव वाहन







**जून माह शव वाहन जानकारी**

| क्र. | दिनांक | प्रस्थान स्थल | आगमन स्थल |
|---|---|---|---|
| 1 | 1/6/2019 | बी एम सी | अचलपुर रहली सागर |
| 2 | 1/6/2019 | बी एम सी | मुहाल मोतीनगर |
| 3 | 4/6/2019 | बी एम सी | ग्राम चौरई सागर |
| 4 | 5/6/2019 | तिली हॉस्पिटल | बड़ी मंडी बेरखेड़ी |
| 5 | 5/6/2019 | तिली हॉस्पिटल | दगरानिया तहसीली राहतगढ़ |
| 6 | 5/6/2019 | तिली हॉस्पिटल | वल्लभ नगर सागर |
| 7 | 7/6/2019 | बी एम सी | जाक्तर बण्डा तहसीली |
| 8 | 7/6/2019 | तिली हॉस्पिटल | सिहोरा बेरखेड़ी सागर |
| 9 | 8/6/2019 | तिली हॉस्पिटल | भैसा पगारा  सागर |
| 10 | 10/6/2019 | तिली हॉस्पिटल | बांदरी सागर |
| 11 | 13/6/2019 | तिली हॉस्पिटल | खेरा नाका खुरई सागर |
| 12 | 14/6/2019 | बी एम सी | बड़ी गल्ला मंडी सागर |
| 13 | 14/6/2019 | बी एम सी | राजीव नगर वार्ड सागर |
| 14 | 15/6/2019 | तिली हॉस्पिटल | भीतर बाजार सागर |
| 15 | 17/6/2019 | तिली हॉस्पिटल | सानोधा  स्टैंड सागर |
| 16 | 17/6/2019 | बी एम सी | कर्रापुर सागर |
| 17 | 22/6/2019 | बी एम सी | शाहपुर सागर |
| 18 | 24/6/2019 | तिली हॉस्पिटल | रिछाई बिनेका सागर |
| 19 | 24/6/2019 | बी एम सी | बड़खुआ सागर |

# विशेष




विचार संस्था द्वारा चलाये जा रहे मोहल्ला विकास योजना के तहत संचालित सीड बॉल प्रोजेक्ट के सफल संपन्न होने पर विचार टीम ने डीएफओ श्री क्षितिज कुमार जी को धन्यवाद किया और उनका सम्मान किया।

# जुलाई माह में होने वाली गतिविधियाँ

| दिनांक | गतिविधि | समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 7 जुलाई | महिला आत्मरक्षा शिविर | | सभी मोहल्लो में |
| 14 जुलाई | महत्त्व पूर्ण नंबर एवं रोजगार | | सभी मोहल्लो में |
| 21 जुलाई | चार दिवसीय नव चेतना शिविर | | सभी मोहल्लो में |
| 28 जुलाई | हंसने के फायदे एवं चुटकुले | | |

**VICHAR SANSTHA**

विचार की दैनिक रिपोर्ट व गतिविधियों की जानकारी के लिए
देखे हमारा फेसबुक पेज: @Vicharsanstha

व्हाट्सएप पर जानकारी पाने के लिए इस नंबर को सेव करें व
इस पर अपना नाम लिखकर व्हाट्सएप मैसेज करें:
+91 8720859004

## हमारे सागर सुधार सागर विकास अभियान से जुड़ने के लिए संपर्क करें:
## नितिन पटैरिया : +91 9009780042

**विचार की अन्य गतिविधियों से जुड़ने के लिए संपर्क करें:**
**आकांक्षा मलैया: 9165422888**
**प्रीति लोधी: +91 8720859004**